Regarding need to operate mobile hospitals in Maharajganj Parliamentary Constituency-laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(महाराजगंज):** मेरा संसदीय लोक सभा क्षेत्र महाराजगंज, बिहार एक ग्रामीण बाहुल्य और पिछड़ा क्षेत्र है हमारे क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान की बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने की अति आवश्यकता है क्योंकि हमारी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अच्छे अस्पतालों, जांच केंद्रों का घोर अभाव है । निजी क्षेत्र में इलाज के लिए जनता को अत्यधिक खर्च करना पड़ता है । गरीब और मध्यम वर्ग की जनता अत्यधिक खर्च करने में असमर्थ है । जिस कारण उनके बीमार होने की स्थिति में सही तरीके से उपचार हेतु परामर्श ना मिलने के कारण इन्हें बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है । इस परिस्थिति में हमारे संसदीय क्षेत्र की जनता को सही समय पर अच्छे अनुभवी और योग्य डॉक्टरों की टीम से जल्द उपचार कराने के लिए उनके दरवाजे, ग्राम और पंचायत स्तर तक सुविधा प्रदान करने की जरूरत है । इसके लिए मोटर वाहन नियुक्त सुसज्जित चलत अस्पताल बहुत ही उपयोगी है । अतः आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोक सभा के सारण जिले के पानापुर तरैया मसरफ ईश्वरपुर बनियापुर लहलादपुर एकम मांझी जलालपुर तथा सिवान जिला के भगवानपुर हाट महाराजगंज बसंतपुर लकड़ी नवीगंज एवं गोरिया कोठी प्रखंडों में एक-एक चलत अस्पताल की शुरुआत कराई जाए इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री जी से मेरा अनुरोध है ।